समाचार

17 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 16 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट गुरूवार 17 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च गुरूवार को वार्ड क्र. 03 राताखार दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 12 अमरैयापारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार परसाभांठा स्कूल सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 43 सिंचाई कालोनी स्टेज के पास, वार्ड क्र. 51 केंदईखार अटल आवास, वार्ड क्र. 61 शांतिनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 67 शक्ति चौक के पास कैम्प लगाए जाएंगे।